झूम रहे दीवाने सारे मैया तेरे नाम में

झूम रहे दीवाने सारे मैया तेरे नाम में,
देखो रौनक लग गयी भारी महाकाली के धाम में....

भवन सजा है फूलों से भक्तों को मस्ती छाई है,
तेरी एक झलक को मैया सबने आस लगाई है,
तेरी कृपा से बीत रही है ज़िन्दगी माँ आराम में,
देखो रौनक लग गयी भारी महाकाली के धाम में.....

नाच नाच के ख़ुशी मनाते रंग के माँ तेरी भक्ति में,
कोई भी ना समझ है पाए तेज है वो तेरी शक्ति में,
जबसे तेरा नाम लिया ना रुकावट पड़ती काम में,
देखो रौनक लग गयी भारी महाकाली के धाम में.....

कुरुक्षेत्र में धाम निराला मैया तेरा कालका,
तेरी कृपा से मौज उड़ाता हर एक तेरा बालक,
गुरु माँ अंजलि झूम रही है मैया तेरे नाम में,
देखो रौनक लग गयी भारी महाकाली के धाम में......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26899/title/jhoom-rahe-diwane-sare-mayia-tere-naam-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |